# अध्याय - 5 | आधुनिक विश्व में चरवाहे

## QUIZ-01

1. जम्मू और कश्मीर में कौन-सी चरवाहा समुदाय निवास करती थी?
   A. गड्डी
   B. गुज्जर बकरवाल
   C. रैका
   D. धनगर (B)

*व्याख्या :* गुज्जर बकरवाल जम्मू और कश्मीर में बकरी और भेड़ के प्रमुख पालक थे और मौसमी प्रवास करते थे।

2. गढ़वाल में उच्च ऊंचाई वाले प्राकृतिक चरागाहों को क्या कहा जाता है?
   A. भाबर
   B. मंडप
   C. बुग्याल
   D. पठार (C)

*व्याख्या :* बुग्याल गढ़वाल क्षेत्र के उच्च पर्वतीय इलाकों में स्थित विशाल प्राकृतिक घास के मैदान हैं।

3. राजस्थान में कौन-सा समुदाय खेती और ऊंट पालन को जोड़ता था?
   A. गोला
   B. धनगर
   C. राईका
   D. कुरुबा (C)

*व्याख्या :* राजस्थान के राईका समुदाय ने खेती और ऊंट व भेड़ पालन का संयोजन किया।

4. किस अधिनियम के तहत भारतीय वनों को 'आरक्षित' घोषित कर चराई पर प्रतिबंध लगाया गया था?
   A. आपराधिक जनजाति अधिनियम
   B. वन अधिनियम
   C. चराई कर अधिनियम
   D. अपशिष्ट भूमि अधिनियम (B)

*व्याख्या :* वन अधिनियम के तहत कई वनों को 'आरक्षित' घोषित कर दिया गया और पशुपालकों की पहुँच सीमित कर दी गई।

5. अफ्रीका में किस प्रणाली के तहत पशुपालकों को सीमित क्षेत्रों में रखा गया?
   A. सीमाहीन चरागाह
   B. मुक्त चराई
   C. आरक्षित क्षेत्र प्रणाली
   D. खुले खेत प्रणाली (C)

*व्याख्या :* आरक्षित क्षेत्र प्रणाली के तहत मासाई जैसे पशुपालकों को सीमित क्षेत्रों में रहने के लिए बाध्य किया गया।

6. 1871 के आपराधिक जनजाति अधिनियम का पशुपालकों पर क्या प्रभाव पड़ा?
   A. उन्हें भूमि अधिकार प्रदान किए गए
   B. उन्हें स्थायी किसान घोषित किया गया
   C. जन्म से ही अपराधी घोषित किया गया
   D. घुमंतू जीवन को प्रोत्साहित किया गया (C)

*व्याख्या :* इस अधिनियम ने पशुपालकों और अन्य घुमंतू समुदायों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया।

7. थार रेगिस्तान में ऊंटों को पालने वाला चरवाहा समुदाय कौन था?
   A. गड्डी
   B. धनगर
   C. राईका
   D. गुज्जर (C)

*व्याख्या :* राजस्थान के मरु रैका ऊंट पालने वाले प्रमुख समुदाय थे और उन्होंने रेगिस्तान के जीवन को अपनाया।

8. उपनिवेश काल के बाद मासाई चराई भूमि का क्या हुआ?
   A. पशुपालन के लिए विस्तारित किया गया
   B. कृषि और वन्यजीव उद्यानों के लिए आरक्षित किया गया
   C. औद्योगिक शहरों में बदल दिया गया
   D. औद्योगिक शहरों में बदल दिया गया (B)

*व्याख्या :* मासाई की चराई भूमि का बड़ा हिस्सा कृषि और वन्यजीव उद्यानों के लिए ले लिया गया।

9. अपनी पशुधन खोने के बाद कई गरीब पशुपालकों ने कैसे जीवन यापन किया?
   A. अमीर व्यापारी बन गए
   B. विदेश चले गए
   C. छोटे-मोटे कार्य या मजदूरी करके
   D. जमींदार बन गए (C)

*व्याख्या :* कई गरीब पशुपालक मजदूर या कोयला जलाने वाले बनकर जीवन यापन करने लगे।

10. गढ़वाल और कुमाऊँ की तलहटी के नीचे के शुष्क वन क्षेत्र को क्या कहा जाता है?
    A. बुग्याल
    B. पठार
    C. भाबर
    D. धांडी (C)

*व्याख्या :* भाबर गढ़वाल और कुमाऊँ की तलहटी के नीचे का शुष्क वन क्षेत्र है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES